# सात राजस्व कर्मियों पर एफआईआर

**जमीन के खेल का बड़ा पर्दाफाश**

**खसरा फाड़े, फाइलें बदलीं**

**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 19 मार्च।** करैरा तहसील के ग्राम जरगंवा अव्वल में शासकीय जमीन को लेकर चला कागजी खेल आखिरकार बेनकाब हो गया। फर्जी दस्तावेज बनाकर रिकॉर्ड से छेड़छाड़ करने के आरोप में सात राजस्व अधिकारियों-कर्मचारियों पर दिनारा थाने में एफआईआर दर्ज होते ही प्रशासनिक महकमे में हलचल मच गई है।

तहसीलदार कल्पना शर्मा की शिकायत पर हुई इस कार्रवाई की जड़ में कलेक्टर के निर्देश पर कराई गई जांच है। डिप्टी कलेक्टर शिवदयाल धाकड़ की रिपोर्ट ने चौंकाने वाले खुलासे किए। सरकारी भूमि के रिकॉर्ड में सुनियोजित तरीके से फेरबदल, दायरा पंजी में हेराफेरी और खसरा के अहम पन्नों को तक गायब कर दिया गया। जांच में सामने आया कि बिना सक्षम अनुमति के नामांतरण कर दिए गए, जिन्हें बाद में निरस्त करना पड़ा। इतना ही नहीं, भूमि के बटे नंबरों को भी मनमाने ढंग से हटाया-जोड़ा गया, जिससे शासकीय जमीन को निजी हित में मोड़ने की आशंका गहरा गई है। पुलिस ने तत्कालीन कानूनगो जीवनलाल तिवारी सेवानिवृत्त, रिकॉर्ड प्रभारी प्रताप पुरी, नायब तहसीलदार अशोक श्रीवास्तव, प्रवाचक लोकेन्द्र श्रीवास्तव, सहायक ग्रेड-3 लालाराम वर्मा दिवंगत, पटवारी बृजेश यादव और दिवंगत पटवारी मुकेश चौधरी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। फिलहाल पुलिस पूरे नेटवर्क की पड़ताल में जुटी है।




# 2 महीने से खुदी पड़ी सड़क बनी मुसीबत, धूल से बढ़ रहीं बीमारियां

**नवभारत न्यूज**

**पोहरी, 19मार्च।** नगर के शिवपुरी-श्योपुर रोड पर नवीन सड़क निर्माण के नाम पर पिछले करीब दो महीनों से सड़क खोदकर छोड़ दी गई है, जिससे आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर फैली धूल और गड्ढों के कारण न केवल आवागमन बाधित हो रहा है, बल्कि लोगों के स्वास्थ्य पर भी गंभीर असर पड़ रहा है।

स्थानीय रहवासियों का कहना है कि दिनभर उड़ती धूल के चलते एलर्जी, अस्थमा और आंखों में जलन जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। छोटे बच्चों और बुजुर्गों को खासतौर पर दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, राहगीरों और वाहन चालकों को गड्ढों के कारण दुर्घटना का खतरा भी बना हुआ है। कुछ माह पहले प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई थी, जिसके बाद सड़क निर्माण कार्य शुरू होना था, लेकिन अब तक निर्माण कार्य अधूरा ही पड़ा है। न तो सड़क बनाई गई और न ही धूल नियंत्रण के लिए कोई ठोस कदम उठाए गए हैं। स्थानीय लोगों में इस लापरवाही को लेकर खासा आक्रोश है। उनका कहना है कि जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी के चलते आम जनता को परेशान होना पड़ रहा है। लोगों ने मांग की है कि जल्द से जल्द सड़क निर्माण कार्य पूरा कराया जाए और धूल से राहत दिलाने के लिए नियमित पानी का छिड़काव किया जाए। जनता ने संबंधित अधिकारियों से मांग की है कि वे इस समस्या पर तत्काल ध्यान दें और शीघ्र समाधान सुनिश्चित करें, ताकि लोगों को राहत मिल सके।



# 7 साल की बच्ची बनी अपने भाई की संजीवनी



**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 19 मार्च।** कहते हैं हौसले उम्र के मोहताज नहीं होते, और इसे सच कर दिखाया है महज 7 वर्षीय सपना शाक्य ने। जिला प्रशासन, श्रीमंत माधवराव सिंधिया स्वास्थ्य सेवा मिशन और रोटरी रीजनल मेडिकल मिशन द्वारा आयोजित वृहद स्वास्थ्य शिविर में यह नन्हीं बच्ची खुद अपने भाई का सहारा बनकर पहुंची और दोनों का उपचार कराकर सबको हैरान कर दिया। ठकुरपुरा निवासी सपना शाक्य पुत्री महेन्द्र शाक्य को जब अपने स्कूल शिक्षक से शिविर की जानकारी मिली, तो उसने न केवल खुद इलाज कराने का निर्णय लिया, बल्कि अपने भाई प्रशांत शाक्य को भी साथ लेकर शिविर पहुंच गई। सीएम राइज स्कूल मेडिकल कॉलेज के पीछे में संचालित शिविर में सपना ने पंजीयन कराया और दोनों का डॉक्टरों से उपचार कराया। सपना को सीने में दर्द की शिकायत थी, जबकि उसके भाई के सिर में फोड़ा था। दोनों ने विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श लेकर दवाइयां प्राप्त कीं। इस दौरान उसके मित्र नैना, परी, आदिश और अनुष्का भी उसके साथ मौजूद रहे। नन्हीं बच्ची की समझदारी और हिम्मत से प्रभावित होकर जिला पंचायत अध्यक्ष नेहा अमित यादव ने बच्चों से मुलाकात कर उनका उत्साह बढ़ाया और सुरक्षित घर पहुंचाने की व्यवस्था कराई। वहीं जिला अध्यक्ष जसमंत जाटव ने सपना को 500 रुपये की प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया।

### नि:शुल्क दंत परामर्श शिविर शुरू

**शिवपुरी।** नवरात्रि के पावन अवसर पर शहरवासियों के लिए राहत भरी खबर है। पोहरी रोड हाथीखाना स्थित श्री चिंताहरण डेन्टल क्लीनिक द्वारा 19 मार्च से 26 मार्च (नवमी) तक नि:शुल्क दंत रोग परामर्श शिविर आयोजित किया जा रहा है। यह शिविर प्रतिदिन सुबह 11:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक संचालित होगा, जिसमें अनुभवी दंत चिकित्सकों द्वारा मरीजों की जांच और उचित परामर्श दिया जाएगा। शिविर के पहले ही दिन 15 से 20 मरीजों ने पहुंचकर अपने दांतों की जांच कराई और विशेषज्ञ चिकित्सकों से उचित परामर्श प्राप्त किया। शिविर में मेडिकल कॉलेज शिवपुरी से जुड़े दंत विशेषज्ञ डॉ. मोहित शर्मा एवं बाल दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. कांची उपाध्याय शर्मा अपनी सेवाएं देंगे।

# डाकघर की लापरवाही से उपभोक्ता परेशान

**नवभारत न्यूज**

**पोहरी, 19मार्च।** केंद्र सरकार जहां आमजन को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से हर शहर, कस्बे और गांव में डाकघरों के माध्यम से योजनाओं का लाभ देने का दावा कर रही है, वहीं पोहरी उप डाकघर की कार्यप्रणाली इन दिनों सवालों के घेरे में है। यहां पदस्थ कार्मिकों की उदासीनता के चलते उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

डाकघर में अपने कार्यों के लिए पहुंचने वाले ग्राहक घंटों इंतजार करते रहते हैं, लेकिन न तो उनका काम समय पर हो रहा है और न ही उन्हें कोई संतोषजनक जवाब मिल पा रहा है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि बचत खाता खुलवाने सहित अन्य कार्यों के लिए उन्हें कई दिनों से लेकर महीनों तक चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। डाकघरों के हाईटेक होने और आधुनिक सेवाओं के शुरू होने के बाद जहां काम का बोझ कम हुआ है, वहीं पोहरी डाकघर के अधिकारी और कर्मचारी ग्राहकों के प्रति गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं। कई बार उपभोक्ताओं के साथ अभद्र व्यवहार की शिकायतें भी सामने आई हैं। पूर्व में भी इस संबंध में शिकायतें की जा चुकी हैं, लेकिन अब तक स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि कोई ग्राहक बचत खाता खुलवाने जाता है, तो उसे 10 से 20 दिनों तक डाकघर के चक्कर काटने पड़ते हैं। इसके बाद भी काम समय पर नहीं हो पाता, जिससे लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। उपभोक्ता जीतेंद्र बाथम ने बताया, 'मैं पिछले करीब दो माह से नॉमिनेशन फॉर्म के लिए चक्कर लगा रहा हूं, लेकिन अब तक मुझे फॉर्म नहीं दिया गया। मेरी माता जी का निधन हुए भी दो महीने से अधिक हो चुके हैं, फिर भी डाकघर कर्मचारी मुझे परेशान कर रहे हैं। इस मामले में डाकघर निरीक्षक राजकुमार तोमर का कहना है कि, 'मामला संज्ञान में आया है, इसकी जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। पोहरी डाकघर की लचर कार्यप्रणाली से उपभोक्ताओं में नाराजगी बढ़ती जा रही है। यदि समय रहते सुधार नहीं हुआ, तो यह समस्या और गंभीर रूप ले सकती है।




### आग ने छीन ली मेहनत, 5 बीघा गेहूं की फसल खाक, लाखों का नुकसान

**शिवपुरी।** थाना क्षेत्र के ग्राम गौचोनी में बुधवार शाम आग ने एक किसान की सालभर की मेहनत को राख में बदल दिया। अज्ञात कारणों से लगी आग ने किसान वीरसिंह लोधी की करीब 5 बीघा खड़ी गेहूं की फसल को पूरी तरह जला दिया, जिससे उन्हें लाखों रुपए का नुकसान उठाना पड़ा। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आग तेजी से फैलती देख ग्रामीण तुरंत मौके पर जुटे और अपने स्तर पर आग बुझाने की कोशिश शुरू की। घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक पूरी फसल जलकर खाक हो चुकी थी। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड भी मौके पर पहुंची, मगर उसकी जरूरत तब तक खत्म हो चुकी थी। आग लगने के कारणों का अब तक पता नहीं चल सका है, जिससे ग्रामीणों में चिंता बनी हुई है। पीड़ित किसान ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

# गुटखा-तंबाकू की कीमतों में उछाल, एमआरपी से ज्यादा वसूली के आरोप



**नवभारत न्यूज**

**पोहरी, 19मार्च।** नगर में इन दिनों गुटखा, जर्दा पाउच और सिगरेट की कीमतों को लेकर उपभोक्ताओं में नाराजगी बढ़ती जा रही है। बाजार में कई ब्रांड के गुटखा निर्धारित अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) से अधिक कीमत पर बेचे जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं। उपभोक्ताओं का आरोप है कि थोक डीलरों और कुछ दुकानदारों द्वारा मनमाने दाम वसूल कर कालाबाजारी की जा रही है। जानकारी के अनुसार पोहरी के बाजार में राजश्री गुटखा की कीमतों में सबसे अधिक बढ़ोतरी देखी जा रही है। 10 रुपये वाला पाउच 15 रुपये में, 20 रुपये वाला 25 रुपये में और 40 रुपये वाला गुटखा 50 रुपये तक बेचा जा रहा है। इसी तरह सागर गुटखा की 10 रुपये वाली पुड़िया 15 रुपये में और 20 रुपये वाली 25 रुपये में मिल रही है।

वहीं तानसेन गुटखा की 5 रुपये वाली पुड़िया 7 रुपये में तथा 20 रुपये में मिलने वाली तीन पुड़िया अब 25 रुपये में दी जा रही हैं। सिग्नेचर गुटखा भी महंगा हो गया है, जहां 5 रुपये वाली पुड़िया 7 रुपये, 10 रुपये वाली 15 रुपये और 20 रुपये वाला पाउच 25 से 30 रुपये तक में बेचा जा रहा है। व्यापारियों का कहना है कि उन्हें थोक स्तर पर ही महंगे दामों पर माल मिल रहा है, जिसके कारण खुदरा बिक्री भी अधिक कीमत पर करनी पड़ रही है। वहीं बाजार में यह चर्चा भी है कि कुछ डीलरों द्वारा गुटखा की सप्लाई सीमित कर कृत्रिम कमी बनाई जा रही है, जिससे कीमतें बढ़ रही हैं।

उपभोक्ताओं का कहना है कि एमआरपी से अधिक कीमत वसूलना नियमों के खिलाफ है और प्रशासन को इस पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। लोगों का कहना है कि यदि समय-समय पर बाजार में जांच की जाए तो जमाखोरी और कालाबाजारी पर रोक लगाई जा सकती है। फिलहाल पोहरी के बाजार में गुटखा, जर्दा पाउच और सिगरेट की बढ़ी हुई कीमतों ने आम उपभोक्ताओं की जेब पर अतिरिक्त बोझ डाल दिया है और प्रशासन से कार्रवाई की मांग तेज हो गई है।

> **इनका कहना है...**
>
> जो भी खाद्यय सामग्री एमआरपी रेट से अधिक दामो में बेची जा रही है उसको दिखावा लेते है यदि ऐसा निकला तो उचित कार्यवाही की जाएगी।
>
> **सुनील यादव, नायब तहसीलदार, प्रभारी फूड अधिकारी**

# खेत में लगी आग, 4 बीघा गेहूं जलकर खाक

**नवभारत न्यूज**

**पोहरी, 19मार्च।** पोहरी विधानसभा क्षेत्र के छर्च से एक घटना सामने आई है जहां छर्च निवासी रामसेवक सैन के खेत में रखे गेहूं के ढेर में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और करीब 4 बीघा में फैला गेहूं जलकर पूरी तरह राख हो गया। बताया जा रहा है कि खेत में कटाई के बाद गेहूं इकट्ठा करके रखा गया था, तभी अचानक आग लग गई। आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है। ग्रामीणों ने अपने स्तर पर आग बुझाने की काफी कोशिश की, लेकिन आग की तीव्रता अधिक होने के कारण उसे काबू नहीं किया जा सका। इस घटना में किसान को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। सूचना मिलने पर संबंधित प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा और नुकसान का आकलन किया जा रहा है। किसान ने शासन से मुआवजे की मांग की है।



# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत



**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 19 मार्च।** इंदार थाना क्षेत्र में देहरदा-ईसागढ़ मार्ग पर गुरुवार को तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला, जहां अलावदी गांव के पास भूमि ढाबा के नजदीक अज्ञात वाहन ने बाइक सवारों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि एक व्यक्ति की मौके के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है।

जानकारी के अनुसार, खतौरा निवासी 60 वर्षीय नारायण सिंह कुशवाह अपने साथी कमलेश कुशवाह के साथ एजवारा गांव से काम खत्म कर बाइक से लौट रहे थे। इसी दौरान अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी और चालक मौके से फरार हो गया।


घटना के बाद राहगीरों की सूचना पर पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंची। दोनों घायलों को बदरवास स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने नारायण सिंह को मृत घोषित कर दिया। वहीं, कमलेश की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है। इंदार पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराया है और फरार वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

# पोहरी मेन चौराहा बना अस्थायी सब्जी मंडी, अतिक्रमण से जाम का खतरा

**नवभारत न्यूज**

**पोहरी, 19मार्च।** नगर का मुख्य चौराहा इन दिनों बदहाल व्यवस्था और प्रशासनिक लापरवाही का जीता-जागता उदाहरण बन गया है। हालात इतने खराब हैं कि चौराहे की आधी से ज्यादा सड़क पर हाथ ठेले और सब्जी विक्रेताओं ने कब्जा जमा लिया है, जिससे पूरा क्षेत्र अस्थायी सब्जी मंडी में तब्दील हो चुका है। नतीजा दिनभर जाम, अफरा-तफरी और हर पल दुर्घटना का खतरा। सबसे चिंताजनक बात यह है कि जिस चौराहे से दिनभर सैकड़ों वाहन और स्कूली बच्चे गुजरते हैं, वहीं अव्यवस्थित ठेले खड़े होने से रास्ता संकरा हो गया है। जाम की स्थिति में एम्बुलेंस तक फंसने का खतरा बना रहता है, जिससे कभी भी बड़ी अनहोनी हो सकती है।

इधर नगर की अन्य सड़कों की हालत पहले से ही खराब है। जगह-जगह खुदी पड़ी सड़कों से उड़ती धूल ने लोगों का जीना मुहाल कर रखा है। एलर्जी, अस्थमा और आंखों में जलन जैसी समस्याएं आम हो चुकी हैं। ऊपर से चौराहे पर बढ़ता अतिक्रमण आग में घी डालने का काम कर रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार शिकायतों के बावजूद प्रशासन आंख मूंदे बैठा है। नगर परिषद, एसडीएम और सीएमओ की निष्क्रियता पर अब सवाल खड़े होने लगे हैं। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई केवल कागजों तक सीमित नजर आ रही है, जबकि जमीनी हकीकत बद से बदतर होती जा रही है। जनता में अब आक्रोश साफ नजर आ रहा है।





# जल बचाने का महाअभियान शुरू

**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 19 मार्च।** जल संकट से निपटने और भविष्य सुरक्षित करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 का शुभारंभ गुरुवार को पिछोर अनुविभाग की ग्राम पंचायत सेमरी से हुआ। 19 मार्च से 30 जून तक चलने वाले इस अभियान का लक्ष्य जल स्रोतों के संरक्षण, संवर्धन और पुनर्जीवन के साथ जनभागीदारी को मजबूत करना है।

कार्यक्रम का शुभारंभ कलश पूजन से हुआ, जिसके बाद एसडीएम ममता शाक्य ने ग्रामीण महिलाओं के साथ कलश यात्रा निकालकर जल संरक्षण का संदेश दिया। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने बगिया चौपरा जलाशय की साफ-सफाई कर अभियान की शुरुआत को धरातल पर उतारा। एसडीएम ममता शाक्य ने कहा कि जलाशयों का गहरीकरण और विस्तार किया जाएगा, वहीं नागरिकों से जल स्रोतों की रक्षा में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। जिला पंचायत के अतिरिक्त सीईओ एन.एस. नरवरिया ने जल स्रोतों को पूर्वजों की धरोहर बताते हुए उनके संरक्षण को सामूहिक जिम्मेदारी बताया। अभियान के तहत पिछोर जनपद की 75 ग्राम पंचायतों में तालाबों की गाद निकालने, कुओं की सफाई, पौधारोपण और प्याऊ स्थापना जैसे कार्य जनसहयोग से किए जाएंगे।

### शिवपुरी कांग्रेस का संगठन विस्तार, नए चेहरों को मिली बड़ी जिम्मेदारी

**शिवपुरी।** जिले के विभिन्न नगरों में कांग्रेस अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है। यह नियुक्तियां प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के अनुमोदन के बाद जारी की गईं।

जारी सूची के अनुसार जिले के अलग-अलग नगरों में नए नेतृत्व को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इनमें शिवपुरी पूर्व से साहब सिंह कुशवाह, शिवपुरी पश्चिम से नलिन पंडित, मगरौनी से आदित्य सोनी, नरवर से होतम पटेल कुशवाहा, दिनारा से सुमित नीखरा और करैरा शहर से पवन तिवारी को नगर कांग्रेस अध्यक्ष बनाया गया है। इसी क्रम में कोलारस से मनीष मोहनिया, बदरवास से कामेश धाकड़, रन्नौद से दिलावर खान, पोहरी से दीवान बघेल, बैराड़ से बृजेश गुप्ता, पिछोर से रामस्वरूप कुशवाहा एवं खनियाधाना से सद्दाम हुसैन को भी नगर कांग्रेस अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। इन नियुक्तियों को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। माना जा रहा है कि नए नेतृत्व के माध्यम से संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सक्रिय बनाया जाएगा तथा आगामी चुनावों को देखते हुए पार्टी अपनी पकड़ मजबूत करने की रणनीति पर काम कर रही है।

# विक्रमोत्सव 2026 कोटि सूर्योपासना के संग नववर्ष का आगाज



**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 19 मार्च।** भारतीय नववर्ष के स्वागत में विक्रमोत्सव 2026 के तहत आयोजित कोटि सूर्योपासना ने शहर को धर्म, संस्कृति और परंपरा के रंग में सराबोर कर दिया। वर्ष प्रतिपदा एवं विक्रम संवत् 2083 के शुभारंभ पर हुए इस आयोजन ने भारतीय विरासत की जीवंत झलक पेश की।

कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक देवेंद्र जैन और कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी ने किया। बड़ी संख्या में नागरिकों, विद्यार्थियों और कला प्रेमियों की उपस्थिति ने आयोजन को भव्य बना दिया। इस अवसर का सबसे बड़ा आकर्षण सम्राट विक्रमादित्य पर आधारित नाट्य प्रस्तुति रही, जिसने दर्शकों को इतिहास के स्वर्णिम दौर में पहुंचा दिया। मुखौटा कला मंच, गुना द्वारा प्रस्तुत इस नाटक में सम्राट विक्रमादित्य की न्यायप्रियता, पराक्रम और सांस्कृतिक योगदान को प्रभावशाली अंदाज में मंचित किया गया। रंगकर्मी विष्णु झा के निर्देशन, अभिषेक त्रिपाठी के संगीत और प्रसन्न सोनी के लेखन ने प्रस्तुति को जीवंत बना दिया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ के इस आयोजन का उद्देश्य नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जोड़ना रहा। नगर पालिका अध्यक्ष गायत्री शर्मा ने विक्रम संवत् को भारतीय जीवन पद्धति का सशक्त प्रतीक बताते हुए इसकी ऐतिहासिक महत्ता पर प्रकाश डाला। अंत में अतिथियों एवं कलाकारों का सम्मान कर ऐसे आयोजनों को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया गया।



# पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष मुद्गल ने बहनों का सम्मान कर जीता दिल

**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 19 मार्च।** पोहरी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम गोंदोली में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिला उपाध्यक्ष दिलीप मुद्गल ने एक बार फिर जनसेवा और संस्कारों की अनूठी मिसाल पेश की। अपनी दैनिक परंपरा के अनुसार उन्होंने आज भी गांव की सभी समाज की बहनों से स्नेहपूर्वक टीका लगवाया और उनके चरण स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने सम्मान स्वरूप सभी बहनों को साड़ी भेंट कर उनके प्रति आदर और सम्मान व्यक्त किया। मुद्गल के इस भावनात्मक और संस्कारयुक्त व्यवहार से गांव का माहौल आत्मीयता से भर गया। बहनों ने भी उन्हें स्नेह और आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। ग्रामवासियों ने इस पहल को सामाजिक समरसता और भारतीय संस्कृति का जीवंत उदाहरण बताया। स्थानीय लोगों का कहना है कि दिलीप मुद्गल केवल राजनीति तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे निरंतर समाज के हर वर्ग के सुख-दुख में सहभागी बनकर एक सच्चे जनसेवक की भूमिका निभा रहे हैं।